एक नजर में

## चाणक्यपुरी कॉलोनी में पक्की सडक के साथ ड्रेनेज लाइन निर्माण का भूमिपूजन



**बदनावर।** नगर के वार्ड क्रमांक दो में स्थित चाणक्यपुरी में लंबे समय बाद सड़क निर्माण एवं ड्रेनेज लाइन का कार्य शुरू होने से रहवासियों को सुविधा मिलेगी। नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने रविवार को सडक निर्माण कार्य का भुमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री अधोसंरचना के चौथे चरण के अंतर्गत करीब 9 लाख 50 हजार एवं नगर निकाय निधि 7.50 लाख लॉगत से यह स?क एवं ड्रेनेज चाणक्यपुरी में बनेगी। सीमेंट कांक्रीट स?क बनने से रहवासियों को सालो से फैले कीच? से मुक्ति मिलेगी व आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, वार्ड पार्षद जितेंद्र शर्मा, अनीता चौहान, संतोष चौहान, सुखराम देवदा, दीपक जादव, विवेक पाटीदार, सुरेश ठाकुर व निकाय के इंजीनियर सारंग पौराणिक समेत वार्डवासी उपस्थित थे।

## काँग्रेस सेवादल कि जिला काँग्रेस भवन में बैठक कल

**बदनावर,** प्रदेश में चल रहे कांग्रेस संगठन सृजन को लेकर कांग्रेस सेवादल कि जिला कांग्रेस भवन में धार में गुरुवार 30 अक्टूबर को दोपहर एक बजे आयोजित की जा रही है

कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष पंडित जितेन्द्र जोशी ने बताया कि सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई वह सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश जी यादव के निर्देश पर जिला एवं ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई है इस अवसर पर इंदौर संभाग के प्रभारी दिगंबर पुजारी व प्रभारी प्रहलाद महावर उपस्थित रहेंगे संगठन सृजन अभियान की बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनावे

## अंतरराष्ट्रीय रैपिड शतरंज में भाग लिया



**धार के** अथर्व दशोरा (पुत्र प्रियंका सुगंधी) ने अंतरराष्ट्रीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया व इस प्रतियोगिता में भारत के पड़ोसी देशों के महान खिलाड़ियों ने भी भाग लिया द्य इस प्रतियोगिता में श्री लंका की अनुभवी शतरंज खिलाड़ी श्रीलंका की पहली महिला इंटरनेशनल मास्टर, वुमन चैम्पियन शिप की पाच बार विजेता रह चुकी सच्चिनी *Ranasinghe* को पराजित कर बेस्ट *below* 1500 *category* में तीसरा स्थान प्राप्त करा।

## सचिन पान्डे बने कांग्रेस सेवादल के जिला संयोजक

**नागदा।** कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी देसाई व कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव एवं जिला अध्यक्ष जितेंद्र जोशी कि सहमती से सचिन पान्डे नागदा को कांग्रेस सेवादल का जिला संयोजक बनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी एवं बदनावर विधायक भंवरसिंह शेखावत द्वारा श्री पान्डे को नियुक्ती पत्र प्रदान किया गया सचिन पान्डे द्वारा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। नियुक्ती पर कांग्रेसजनों, जनप्रतिनिधियों और संगठनके पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त कि

## संस्था सांदीपनि शा.उ.मा.वि. नागदा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**नागदा।** संस्था सांदीपनि शा.उ.मा.वि. नागदा में स्वास्थ्य विभाग बदनावर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 28-10-2025 को किया गया इसमें कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण में विद्यार्थियों की लम्बाई, वजन तथा हिमोग्लोबीन का परीक्षण किया गया तथा जिन विद्यार्थियों में कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या रही उन्हें उपचार के लिए टेबलेट का वितरण किया गया। परीक्षण सिविल स्वास्थ्य विभाग बदनावर के डॉ. पूजा सोलंकी तथा डॉ. विजय पाटीदार द्वारा किया गया। परीक्षण के दौरान उपस्थित विद्यार्थीयों की संख्या 359 रही।

परीक्षण शिविर में प्राचार्य श धर्मेन्द्र जाट उपस्थित रहे। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम प्रभारी रचना पाटीदार ने विद्यार्थियों को समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता एवं महत्व बताया और साथ ही डॉक्टर द्वारा दी गई दवाइयों को समयानुसार लेने की समझाइश दी गई।


## किसान,प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री निवास जाकर 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**धार.** किसान अपना हक मांगता अधिकार मांगता नहीं किसी से



भीख मांगता हमारी फसलों का सही दाम दो,, धरतीपुत्र संकट में तो फिर किसका होगा विकास,, सरदारपुर धार न्यूज़,, किसानो की प्रमुख मांगे जिनमें इस प्रकार हैं,घोषित भावान्तर योजना समाप्त कर सभी फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित की जाए।





# आजीविका दीदी कैफे का शुभारंभ, ग्रामीण महिला उद्यमिता को मिला नया आयाम

**धार।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम पिपलखेड़ा की साई कृपा समर्थ स्व-सहायता समूह की दीदी छाया पंवार द्वारा संचालित आजीविका दीदी कैफे का शुभारंभ जिला पंचायत परिसर धार में किया गया। कैफे का उद्घाटन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धार अभिषेक चौधरी ने किया।सहायक कलेक्टर नव किरण कौर भी मौजूद थीं।

उद्घाटन अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्रामीण महिलाएँ एवं आजीविका मिशन की टीम उपस्थित रही। आजीविका दीदी कैफे ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस कैफे में स्वच्छता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए स्वादिष्ट दाल पानिये, सुरन बाटी, छोले भटोरे, समोसे, कचोरी, फलहारी, अप्पे, खिचड़ी, परांठे, पकौड़े, चाय और कॉफी जैसे विविध व्यंजन उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे। साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए पार्सल सेवा भी प्रदान की जाएगी।

कैफे प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 6 बजे तक खुला रहेगा। पार्सल सुविधा हेतु इच्छुक नागरिक श्रीमती छाया पंवार से मोबाइल क्रमांक 8103303828 पर संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद दुसाने ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कैफे ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे आजीविका दीदी कैफे पर पधारकर स्थानीय व्यंजनों का आनंद लें और समूह की दीदी श्रीमती छाया पंवार का उत्साहवर्धन करें।

कार्यक्रम में आजीविका मिशन की जिला टीम के साथ विकासखंड स्तर से श्रीमती दीप्ति विरकर, विकासखंड प्रबंधक एवं सहायक विकासखंड प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल न केवल स्वाद और सेवा का नया अनुभव देगी, बल्कि ग्रामीण महिला उद्यमिता को भी नई दिशा प्रदान करेगी।

# बचपन के शोक हमेशा जिंदा रखेंगे तो आनंद मिलेगा : जनपद सीईओ शिंदे

## आनंद संस्थान एवं जन अभियान परिषद द्वारा धार जनपद में अल्मविराम कार्यशाला

**धार। मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग एवं जन अभियान परिषद द्वारा एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम कार्यशाला जनपद पंचायत सभागृह धार में मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 को आयोजित की गई।इस अवसर पर अपने संबोधन में मास्टर ट्रेनर एवं डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर के बी मनसारे ने कहा कि हमें अपने जीवन को उत्सव की तरह जीना चाहिए। अपने बचपन की हॉबी या शौक को हमेशा जिंदा रखना चाहिए।हर काम को खुशी खुशी करेंगे तो सफ्लता भी मिलेगी और आनंद भी मिलेगा !**





राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग के जिला संपर्क व्यक्ति डा दिनेश कश्यप ने बताया कि कलेक्टर धार प्रियंक मिश्र और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक नवनीत रत्नाकर के समन्वय से आयोजित इस कार्यशाला में दीप प्रज्ज्वलन एवं मा सरस्वती पूजन कर शुरुआत की गई। मास्टर ट्रेनर के बी मनसारेए गणेश कानडेएएवं डॉ दिनेश कश्यप ने आज के भागदौड़ भरे जीवन में तनाव मुक्त रहने एवं आनंद से परिपूर्ण जीवन जीने की कला सिखाई। वीडियो के माध्यम से आनंद संस्थान आनंद विभाग का परिचय दिया गया। आनंद की और सत्र में मास्टर ट्रेनर के बी मनसारे ने प्रत्येक प्रतिभागी से उसके जीवन का आनंद क्या है और यह कब घटता है और कब बढ़ता है की जानकारी ली।जीवन का लेखा जोखा सत्र मास्टर ट्रेनर गणेश कानडे ने लिया और कृतज्ञताएमदद एवं क्षमा के भाव का महत्व बताते हुए हर क्षण अपने में इन भावों को बनाए रखने ओर बढ़ाने की विधि बताई। संपर्कए सुधारए दिशा सत्र में मास्टर ट्रेनर डॉ दिनेश कश्यप ने अल्पविराम के माध्यम से स्वयं में आंतरिक परिवर्तन लाने के सूत्र बताए।इसके पूर्व ब्लॉक समन्वयक रजनी यादव एवं धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।सत्र के दौरान सीताराम सोनार्थीए सुरेश मकवानाए प्रियंका गवलीए उमेश सिंह अलासियाए लक्ष्मी रघुवंशीए मनीषा प्रजापतए गोकुल राठौरए नंदनी वाड्राए अवनीश कुमार दुबेए सहित संगीता पटेलएजितेंद्र कुमार मौर्य सहित 50 अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## सर्व ब्राह्मण समाज का अन्नकूट छावनेश्वर महादेव मंदिर पर कल

### महादेव का अभिषेक होगा घर-घर दे रहे है निमंत्रण पत्रक

**सरदारपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज सरदारपुर प्रखंड का अन्नकूट महोत्सव 30 अक्टूबर को छावनेश्वर महादेव मंदिर पर समाजजनो द्वारा मनाया जाएगा। समाज के सरदारपुर तहसील अध्यक्ष रवि त्रिवेदी भोपावर ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव मनाए जाने को लेकर समिति पदाधिकारी भूपेंद्र जोशी, सुदीप तिवारी, आशीष त्रिवेदी,हर्ष तिवारी, राजेश दिक्षित,केपी शर्मा,संतोष शर्मा, योगेंद्र तिवारी प्रेमनारायण जोशी, आदि द्वारा प्रत्येक समाज के घर परिवार पहुंचकर निमंत्रण पत्रक देकर आग्रह किया जा रहा है। त्रिवेदी ने बताया अन्नकूट महोत्सव के तहत छावनेश्वर महादेव का रूद्राअभिषेक और भगवान परशुराम के पूजन पश्चात भजन कीर्तन होंगे। दोपहर 2 बजे भगवान को 56 भोग लगाकर समाजजन महाप्रसादी ग्रहण करेंगे। जानकारी सर्व ब्राह्मण समाज सरदारपुर के तहसील मिडिया प्रभारी लक्ष्मण तिवारी ने दी।

## तीसरे दिन भी बारिश, करंट लगने से बकरी की मौत

**सरदारपुर।** मौसम परिवर्तन बदलाव के चलते मंगलवार को नगर में तीसरे दिन भी दिनभर बारिश होती रही। बारिश के चलते नगर के पोखर गड्डो मे जलभराव हो गया है। तो वही गोपाल कालोनी गवलीपुरा बस्ती वार्ड क्रमांक एक राधाकृष्ण मन्दिर के पास करंट लगने से बकरी की मौत हो गई। पूर्व पार्षद कालू यादव ने बताया कि बकरी शांतिलाल यादव की थी। यादव ने बताया बस्ती में कुड़ा कचरा की भरमार है, बीमारियां भी फेल सकती है, नगर परिषद को इस और ध्यान देना चाहिए। इधर सतत तीन दिन बारिश को देखते हुए बुधवार को साप्ताहिक हाट-बाजार प्रभावित हो सकता है।

# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**बदनावर।** संस्था श्री राज राजेंद्र सूरी शताब्दी जैन पब्लिक हॉयर सेकेंडरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जिला न्यायाधीश जी सी मिश्रा एवं मानव अधिकार कार्यकर्ता ी जयेश राजपुरोहित की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए जयेश राजपुरोहित ने विद्यार्थियों के लिए विधिक जानकारियों का होना आवश्यक है इस पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को बाल अपराध एवं इस से जुड़ी चुनौतियों एवं इनसे कैसे बचा जाए इस पर भी चर्चा की।

माननीय न्यायाधीश द्वारा विद्यार्थियों से लैंगिक अपराध, मोबाइल एवं सोशल मीडिया से जुड़े हुए अपराध एवं इसमें कानून की भूमिका पर विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवित संवाद कर ते हुए विधिक साक्षरता के अर्थ को स्पष्ट करते हुए प्रश्न पूछकर एवं उनसे जुड़े हुई विद्यार्थियों की जिज्ञासुओं का समाधान करने का प्रयास किया। बाल अपराध से कैसे बचा जाए, बिना लाइसेंस वाहन नहीं चलाने, किसी भी प्रकार के डिजिटल फ्रॉड एवं लैंगिक



अपराधों से कैसे बचा जाए इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। कानून किस प्रकार विद्यार्थियों की मदद कर सकता है इस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक इन जानकारियों को आत्मसात किया। इस अवसर पर श्री आदिनाथ शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष महावीर चोरड़िया एवं विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्ट्डीज के संचालक डॉक्टर सोहनलाल पाटीदार द्वारा न्यायाधीश एवं जयेश राजपुरोहित का स्वागत विद्यालय की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन ओवेस काजी द्वारा किया गया।


एक नजर

चार जल मोटर, वायर के बंडल,सहित नगद ओर चार चांदी के सिक्के बदमाश ले गए

# नगर के नाकोड़ा ट्रेडर्स में बीती रात शटर का नकूचा तोड़कर चोरों ने बोला धावा

बाग - बीती रात्रि को चौरों ने नगर की एक दुकान को अपना निशाना बनाते हुए उसमें रखा किमती सामान को लेकर रफू चक्कर हो गये। बदमाश पिछे के रास्ते आए थे और दुकान के पास वाली शटर का नकुचा तोड़कर दुकान में प्रवेश किया। दुकान संचालक इन्द्रकुमार जैन ने बताया की मेरी दुकान नगर की बाघनी नदी के समीप एक काम्प्लेक्स में है। जहां रात्रि को करीब दौ ढाई बजे के लगभग इस घटना को बदमाशो द्वारा अंजाम दिया गया। पिछे नदी के रास्ते





चार पांच बदमाशो आए और दुकान के पास वाली दौ शटरों के नकुचे और ताले तोड़कर शटर उचका कर दुकान में प्रवेश किया उसमें करीब 35 तो वायर के बंडल, चार जल मोटर, एवं पाइप के बंडल ले गये और ताले का लाक तोड़कर उसमें रखे 15000 हजार रुपये नगद राशि एवं चार चांदी के सिक्के ले गये इस प्रकार और भी अन्य सामग्री बदमाश ले गये। साथ ही चौर सीसीटीवी केमरा रिकार्ड का पुरा सिस्टम भी तोड़ ताड़कर ले गये। कुछ कुर्सीया बहार फेंक गये जो टूटी हुई थी और उसी रास्ते वापस निकल गये जब सुबह दुकान खोलने के लिए हमारा मेनेजर आया तो उसने देखा शटर के ताले केसे टुटे पड़े हैं वैसे ही उसने हमें फोन कर के घटना के बारे में बताया जब हम मौके पर पहुचे तो हम भी अचंभीत हो गये और इसकी सुचना बाग पुलिस को दी सुचना मीले ही पुलिस मौके पर आई मौका मुआयना कर हमें रिपोर्ट करने के लिए कहा गया। इसमें करीब हमारा एक लाख के उपर का नुक़सान है।

### चोरों का सक्रिय होना पुलिस को चुनोती देना है

नगर में चोर फिर सक्रिय हो रहै है अभी कुछ माह से नगर की चोरियो में पुरी तरह अंकुश था। मगर हाल ही में चोरों ने अपनी सक्रियता फिर दिखाकर पुलिस को चुनौती दी है। पुलिस को भी अपनी सक्रियता दिखाकर हो रही घटनाओं पर मुस्तेदी दिखाकर बदमाशो को धर दबोचना चाहिए।